Received through mail Dated- 4/2/25

प्रधान सचिव का कोषांग
04 FEB 2025
जल संसाधन विभाग, बिहार, पटना

अभियंता प्रमुख का कार्यालय,
ग्रामीण कार्य विभाग, बिहार, पटना।

## सकारण आदेश

संवेदक **Shivani Kumari, W/O- Chandan Kumar, (Regd No-3170530)**, At+Vill- Bangaon, Bajpatti, Dist- Sitamarhi को **कार्य प्रमण्डल, पुपरी के अधीन MMGSY(SC)** अन्तर्गत **Maha Dalit Samudayik Bhawan to PMGSY Jhakra Jabra Road** तक पथ निर्माण कार्य आवंटित था। एकरारनामा के अनुसार कार्य प्रारम्भ की तिथि–26.02.2020 एवं कार्य समाप्ति की तिथि–25.02.2021 है।

उक्त पथ का निर्माण कार्य एकरारनामा के अनुसार निर्धारित अवधि में कार्य पूर्ण नहीं करने के कारण कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, **कार्य प्रमंडल, पुपरी** द्वारा बार–बार निदेशित करने के बाद भी **संवेदक Shivani Kumari, (Regd No-3170530)** द्वारा उक्त कार्य में कोई प्रगति नहीं किया गया। तत्पश्चात् कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, **कार्य प्रमण्डल, पुपरी** के द्वारा एकरारनामा को विखंडित कर दिया। उक्त के आलोक में अधीक्षण अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य अंचल, सीतामढ़ी के पत्रांक–1213 अनु0 दिनांक–03.11.2023 एवं तदेन मुख्य अभियंता–3, सम्प्रति मुख्य अभियंता–6, ग्रामीण कार्य विभाग, बिहार, पटना के पत्रांक–6605 अनु0 दिनांक–21.11.2023 द्वारा उक्त संवेदक के **निबंधन सं0–3170530** को कालीसूची में शामिल करने हेतु अनुशंसा विभाग को उपलब्ध करायी गयी।

उपरोक्त अनुशंसा के आलोक में विभागीय पत्रांक–479 दिनांक–31.01.2024 द्वारा पन्द्रह दिनों के अंदर संवेदक से स्पष्टीकरण की मांग की गयी। अपेक्षित समय बीत जाने के बाद भी संवेदक द्वारा अपना पक्ष समर्पित नहीं किया गया। पुनः विभागीय पत्रांक–2022 दिनांक–05.06.2024 द्वारा स्मारित किया गया, फिर भी उक्त संवेदक द्वारा अपना पक्ष समर्पित नहीं किया गया। फिर विभागीय पत्रांक–3573 दिनांक–28.11.2024 द्वारा संवेदक को अपना पक्ष रखने हेतु अंतिम रूप से स्मारित किया गया, फिर भी संवेदक द्वारा अपना पक्ष विभाग को समर्पित नहीं किया गया। इससे स्पष्ट होता है कि संवेदक को अपने पक्ष में कुछ नहीं कहना है।

अतएव विभागीय समीक्षोपरान्त बिहार ठिकेदारी निबंधन नियमावली–2007 (ग्रामीण कार्य विभाग) की अधिसूचना सं0–8123 दिनांक–19.12.2007 की कंडिका 11(क)(VI) के आलोक में संवेदक **Shivani Kumari, W/O- Chandan Kumar,** At+Vill- Bangaon, Bajpatti, Dist- Sitamarhi के निबंधन **सं0–3170530** को अगले 03 (तीन) वर्षों के लिए कालीकृत (Blacklist) किया जाता है।

ह0/- 31/1/25
(निर्मल कुमार)
अभियंता प्रमुख

ज्ञापांकः–मु0अ0–4(मु0)कालीसूची–10–74/2023-495 /पटना, दिनांकः–31/01/2025

प्रतिलिपिः–अपर मुख्य सचिव, प्रधान सचिव, सचिव, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना/भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना/जल संसाधन विभाग, बिहार, पटना/लघु जल संसाधन विभाग, बिहार, पटना/योजना एवं विकास विभाग, बिहार, पटना/लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, बिहार, पटना/नगर विकास विभाग, बिहार, पटना/उर्जा विभाग, बिहार, पटना/कृषि विभाग, बिहार, पटना/पंचायती राज विभाग, बिहार, पटना/अभियंता प्रमुख, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना/भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना/जल संसाधन विभाग, बिहार, पटना/लघु जल संसाधन विभाग, बिहार, पटना/ लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, बिहार, पटना/प्रबंध निदेशक, बिहार पुलिस भवन निर्माण निगम, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कारवाई हेतु प्रेषित।

ह0/- 31/1/25
अभियंता प्रमुख

प्रधान सचिव
जल संसाधन विभाग, बिहार, पटना
गै0स0प्रे0सं0...1057...
दिनांक...06/02/25

अभियंता प्रमुख (मुख्यालय)
जल संसाधन विभाग, बिहार, पटना
डायरी सं0....449....
06.02.2025

EIC(HQ)
Kajal Kumari 05.02.25
उपसचिव प्र0/11(व)-26
06/02/25
श्रीवास्तव 06/02/25
119 6/2/25

ज्ञापांकः—मु0अ0—4(मु0)कालीसूची—10—74 / 2023 - 495 / पटना, दिनांकः—31/01/2025

प्रतिलिपिः— अपर मुख्य सचिव, ग्रामीण कार्य विभाग, बिहार, पटना के प्रधान आप्त सचिव / विशेष सचिव, ग्रामीण कार्य विभाग, बिहार, पटना / सभी मुख्य अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग / सभी अधीक्षण अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग / सभी कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग / सभी नोडल पदाधिकारी (मु0), ग्रामीण कार्य विभाग को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

अभियंता प्रमुख 31/1/25

ज्ञापांकः—मु0अ0—4(मु0)कालीसूची—10—74 / 2023 - 495 / पटना, दिनांकः—31/01/2025

प्रतिलिपिः—प्रशाखा पदाधिकारी, प्रशाखा—14 एवं प्रशाखा में कार्यरत सभी सहायक / आई0टी0 मैनेजर, ग्रामीण कार्य विभाग, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

अभियंता प्रमुख 31/1/25

ज्ञापांकः—मु0अ0—4(मु0)कालीसूची—10—74 / 2023 - 495 / पटना, दिनांकः—31/01/2025

प्रतिलिपिः—**संवेदक Shivani Kumari, W/O- Chandan Kumar, (Regd No-3170530)**, At+Vill- Bangaon, Bajpatti, Dist- Sitam/arhi को सूचनार्थ प्रेषित।

अभियंता प्रमुख 31/1/25

Manish